पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती पर मनाया गया कार्यक्रम

इज्जतनगर, 25 सितंबर 2026। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (ICAR–IVRI), इज्जतनगर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत दिनांक 25 सितंबर 2026 को **पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती** के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से छात्र कल्याण विभाग (SWO) द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 70 किसान प्रतिभागियों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के 10 कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के महत्व पर विशेष बल दिया गया। प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न चिन्हित स्थानों पर स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित की गईं तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, **स्वच्छ हरित उत्सव के उपरांत स्वच्छता**, पर्यावरण-अनुकूल एवं अपशिष्ट-मुक्त समारोहों के आयोजन तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान फूलों के अपशिष्ट एवं प्रसाद सामग्री के उचित निस्तारण तथा उनसे जैविक खाद (कम्पोस्ट) तैयार करने के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त, विद्यालयों, महाविद्यालयों, राष्ट्रीय खेल संगठनों, मंत्रालयों एवं विभिन्न विभागों में शून्य-अपशिष्ट खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा पारंपरिक एवं स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने के उपरांत स्वच्छता अभियान संचालित करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर स्थानीय निकायों में स्वच्छता से संबंधित सामान्य चुनौतियों के समाधान के लिए नागरिक सहभागिता एवं विभिन्न हितधारकों की भागीदारी को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता को केवल एक अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ, स्वस्थ, हरित एवं अपशिष्ट-मुक्त वातावरण के निर्माण में सामूहिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करना रहा।

स्वच्छता ही सेवा
स्वच्छता में सहभाग- स्वच्छ भारत, विकसित भारत

स्वच्छता ही सेवा
स्वच्छता में सहभाग- स्वच्छ भारत, विकसित भारत

ही सेवा

JOINT DIRECTORATE
स्वच्छता ही सेवा